# किसी के काम में बाधक न बनें – डा0 जैन



चित्रकूट 26 जनवरी 2012। श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा 63 वॉ गणतंत्र दिवस विद्याधाम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में देशभक्ति से ओतप्रोत होकर धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हजारों की संख्या में स्कूल के बच्चों ने लगभग 1 कि0मी0 की लम्बी कतार मे प्रभातफेरी तिरंगे झण्डे, राष्ट्रीय नारे एवं बैण्ड बाजे के साथ निकालकर सुबह 8.30 बजें स्कूल के प्रांगण में जमा हुए। ट्रस्ट के ट्रस्टी डा0 बी0के0जैन ने सुबह 9 बजे ध्वजारोहण कर मार्च फास्ट की सलामी ली। गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व पर मुख्य अतिथि के रुप में न्यूयार्क यू0एस0ए0 से हेल्प मीसी के चेयरमेन मि0 टॉई, निदेशक मि0 वेंकटरमन और पी0आर0ओ0 मि0 मोहन ने अपनी सिरकत दी। सभी अतिथियों का डा0 जैन ने साल एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। अपने सम्बोधन में डा0 जैन ने कहा कि हम सब भाग्यशाली हैं क्यों कि आज हम स्वतंत्र हैं आज यह धरती हमारी है, आसमान हमारा है, इस धरती पर रहने वाले लोग हमारे हैं और हमारा अपना संविधान हैं। लेकिन इसके लिए हमारे अमर शहीदों ने जो बलिदान दिये हैं हम उन्हे भुला नहीं सकते। आज भृष्टाचार और आतंकवाद देश को खोखला करता जा रहा है जो देश के लिए बड़ी समस्या है इसे हम सब को जड़ से मिटाना है और यह तभी मिटेगा जब हम पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से अपना काम करेंगे। हमें अपने जीवन में अच्छे कर्म ही करना हैं ऐंसा हम संकल्प लें, यदि किसी कारण से हम अच्छा काम कर नहीं सकते तो कम से कम अच्छे काम करने वालों के लिये बाधक न बने, यही हमारी देश के लिए सच्ची सेवा है। 25 जनवरी को मतदाता दिवस मनाया गया है जो किसी भी वयस्क भारतीय का मूल अधिकार है। मेरा सभी से आग्रह है कि सभी लोग मतदान करें और ऐंसे व्यक्ति को चुने जो पूरी ईमानदारी से अपने क्षेत्र का विकास करें तभी देश का भी विकास होगा। चिकित्सा के क्षेत्र में उन्होने जानकारी दी कि न्यूयार्क हेल्प मीसी संस्था सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के साथ मिलकर अगले तीन वर्षों तक अंधत्व निवारण के लिये काम करना चाहती है जिसके माध्यम से म0प्र0, उ0प्र0 और बिहार के ग्रामीण और गरीब बच्चों और वयस्कों को स्वास्थ्य लाभ पहुॅचाया जायेगा। अपने काम को आगे बढ़ाने के लिए उन्होने सद्गुरु सेवा संध ट्रस्ट को ही चुना है क्यों कि यही एक मात्र संस्था है जो ग्रामीण क्षेत्र में होकर लाखों मोतियाबिन्द के मरीजो को लाभ दे रही हैं। हेल्प मी सी के चेयरमेन मि0 टॉई ने कहा कि हम श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं ताकि यहां की ग्रामीण जनता को अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत मोतियाबिन्द का ऑपरेशन अच्छी तकनीकि और अच्छी गुणवत्ता के साथ लाभ मिल सके। हेल्प मी सी का उद्देश्य है कि चित्रकूट में चिकित्सकों के लिए एक ट्रेनिंग सेंटर बनाया जाये ताकि दूसरी जगहों के चिकित्सक यहां से ट्रेनिंग लेकर चिकित्सा के क्षेत्र में अच्छी जानकारी प्राप्त कर सकें। हेल्प मी सी के मि0 मोहन ने कहा कि हमारा पूरा प्रयास रहेगा कि अगले तीन वर्षों में चित्रकूट क्षेत्र के आसपास के जिलों में कोई भी व्यक्ति अंधत्व से पीड़ित न रहे। इसके बाद स्कूल के बच्चों द्वारा खेलकूद और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। विजयी बच्चों को मि0 टॉई, मि0 मोहन और मि0 वेंकटरमन एवं अन्य अतिथियों ने पुरस्कृत कर उत्साहित किया। अन्त में जय हिन्द के नारों से आसमान गूँज उठा।

राजेन्द्र मिश्र
जानकीकुण्ड, चित्रकूट